Civil Services (Main) Examination, 2026

KVMS–U–HND

हिन्दी (प्रश्न-पत्र–I)

(साहित्य)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

प्रश्न-पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं, जो दो खण्डों में विभाजित हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** (देवनागरी लिपि) में ही लिखे जाएँगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

HINDI (PAPER–I)

(LITERATURE)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in **HINDI** (Devanagari Script).

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Optional Province · optionalprovince.com

खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए (प्रत्येक लगभग *150* शब्दों में) : 10×5=50

(a) आरम्भिक हिन्दी का वैशिष्ट्य

(b) अवधी का व्याकरणिक रूप

(c) दक्खिनी हिन्दी का क्षेत्र एवं भाषा-स्वरूप

(d) हिन्दी और उसकी बोलियों का अंतर्सम्बन्ध

(e) देवनागरी लिपि में सुधार समिति द्वारा किए गए संशोधन

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) संविधान में वर्णित राजभाषा-संबंधी प्रावधानों की विवेचना कीजिए। 20

(b) रहीम की काव्यभाषा का सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। 15

(c) वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्र में हिन्दी भाषा के विकास का सर्वेक्षण कीजिए। 15

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) मध्यकाल में साहित्यिक भाषा के रूप में ब्रजभाषा के विकास पर प्रकाश डालिए। 20

(b) पहाड़ी हिन्दी की प्रमुख बोलियों की विशेषताएँ बताइए। 15

(c) नाथ-साहित्य में खड़ी बोली का आरंभिक स्वरूप स्पष्ट कीजिए। 15

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) खड़ी बोली हिन्दी के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उसके मानकीकरण पर प्रकाश डालिए। 20

(b) हिन्दी-सूफी कवियों की लोकोन्मुखता को सोदाहरण निरूपित कीजिए। 15

(c) "हिन्दी नई चाल में ढली।" इस कथन की तर्कपूर्ण व्याख्या कीजिए। 15

खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित पर टिप्पणियाँ लिखिए (प्रत्येक लगभग *150* शब्दों में) : 10×5=50

(a) तुलसी का समन्वयवाद

(b) शुक्लोत्तर साहित्येतिहास-लेखन की प्रमुख विशेषताएँ

(c) जयशंकर प्रसाद के काव्य में मानवीय भूमि

(d) हजारीप्रसाद द्विवेदी की आलोचना-दृष्टि का सांस्कृतिक पक्ष

(e) आधुनिक हिन्दी रंगमंच की चुनौतियाँ

Optional Province · optionalprovince.com

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) ''भारतेन्दु के नाटक सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन के औजार थे।'' इस कथन की तर्कसम्मत व्याख्या कीजिए। 20

(b) रीतिमुक्त काव्यधारा में अभिव्यक्त वैयक्तिकता की विवेचना कीजिए। 15

(c) ''अज्ञेय के काव्य में व्यक्ति और समाज का द्वंद्व है।'' इस कथन को स्पष्ट कीजिए। 15

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) हिन्दी की मनोविश्लेषणवादी आलोचना का विकास निरूपित कीजिए। 20

(b) भीष्म साहनी के उपन्यासों में साम्प्रदायिकता के यथार्थ का चित्रण कीजिए। 15

(c) ''भक्तिकाल साहित्यिक उत्कृष्टता का काल है।'' स्पष्ट कीजिए। 15

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) ''पुनर्जागरण भारत में नई मानवता के जन्म का आंदोलन है।'' इस कथन की व्याख्या कीजिए। 20

(b) ''निराला का काव्य छंद के बंधन से मुक्ति का प्रयास है।'' सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 15

(c) हिन्दी ललित निबंध में डॉ० विद्यानिवास मिश्र का योगदान रेखांकित कीजिए। 15

★★★

Optional Province · optionalprovince.com